# भारत के प्रधानमंत्री की साइप्रस की ऐतिहासिक यात्रा

स्रोत: द हिंदू

**भारत के प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा — जो पिछले 23 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है — द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़** करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस यात्रा में **ऊर्जा सुरक्षा**, **आतंकवाद-रोधी सहयोग** और **भारत-यूरोपीय संघ के रणनीतिक समन्वय** पर विशेष ध्यान दिया गया।

- भारत के प्रधानमंत्री को **साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोज़ III"** से सम्मानित किया गया, जिसका नाम उसके पहले राष्ट्रपति **आर्कबिशप मकारियोज़ तृतीय** के नाम पर रखा गया है।




## परिचय:

- **स्थान:** साइप्रस एक **यूरेशियाई द्वीपीय देश** है, जो उत्तर-पूर्वी **भूमध्य सागर** में **यूरोप**, **एशिया** और **अफ्रीका** के **चौराहे** पर स्थित है।
  - यह सिसिली और सार्डिनिया के बाद **भूमध्य सागर का तीसरा सबसे बड़ा द्वीप** है।
- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:** साइप्रस को वर्ष **1960 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त** हुई, लेकिन वर्ष **1974** के **तुर्की आक्रमण** के कारण इसका **विभाजन तुर्की उत्तरी साइप्रस गणराज्य** (जिसे केवल तुर्की द्वारा मान्यता प्राप्त है) और **दक्षिण में साइप्रस गणराज्य** में हो गया।
  - **संयुक्त राष्ट्र ग्रीन लाइन की निगरानी** करता है, जो विभाजित क्षेत्रों के बीच शांति बनाए रखने का कार्य करती है।
- **राजनीतिक विभाजन:** साइप्रस का राजनीतिक रूप से विभाजन हुआ है—एक ओर है **साइप्रस गणराज्य** (जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है और यूरोपीय संघ (EU) का सदस्य है) और दूसरी ओर **तुर्की उत्तरी साइप्रस गणराज्य**, जिसे केवल तुर्की द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- **भूगोल:** साइप्रस में **भूमध्यसागरीय जलवायु** पाई जाती है, जिसमें **गर्म** और **शुष्क ग्रीष्म ऋतु** तथा **आर्द्र शीत ऋतु** होती है तथा वर्षा कृषि के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है।
- **भारत-साइप्रस संबंध:** **भारत और साइप्रस** ने वर्ष **1962** में **राजनयिक संबंध स्थापित** किये। **साइप्रस मुद्दे पर भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के प्रस्तावों और अंतर्राष्ट्रीय कानून** के अनुरूप **द्वि-क्षेत्रीय, द्वि-सामुदायिक महासंघ** का समर्थन करता है।

- **आर्कबिशप माकारियोज़ (साइप्रस के पहले राष्ट्रपती)** और **पंडित नेहरू गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM)** के अग्रदूत थे।
- **भारत की** [संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)] में सदस्यता, **NSG की सदस्यता** तथा कश्मीर और आतंकवाद पर भारत के रुख का साइप्रस द्वारा लगातार समर्थन, तुर्की-पाकिस्तान के बढ़ते सैन्य संबंधों के परिप्रेक्ष्य में भारत के लिये साइप्रस से जुड़ाव को एक रणनीतिक संतुलन प्रदान करता है।

**और पढ़ें:** [टैक्स हेवेन के रूप में साइप्रस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-pm-historic-visit-to-cyprus